# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

## प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 29 जुलाई 2022। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक प्रारंभ होने से पहले विभिन्न छात्र, कर्मचारी संगठनों एवं स्ववित्त शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने माननीय कार्यपरिषद् सदस्यों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं एवं कार्यपरिषद् सदस्यों ने उन सभी समस्याओं के निराकरण हेतु आश्वासन दिया।

बैठक प्रारंभ होने से पूर्व कार्यपरिषद् ने प्रसिद्ध शिक्षाविद् प्रो. डी.पी. मिश्रा के प्रति दो मिनट का मौन रख कर श्रृद्धांजली अर्पित की। बैठक में कार्यपरिषद् सदस्य श्री विश्वास व्यास एवं श्री अनंत पंवार जी ने अशासकीय महाविद्यालयों में शिक्षकों की कमी के संबंध में सुझाव दिया कि इन महाविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में कॉलेज कोड 28 का पालन करवाया जाय तथा अगले निरीक्षण में यदि नियुक्तियां नही पाई जाती हैं तो आगामी सत्र में महाविद्यालय का नवीनीकरण न किया जाय। बैठक में कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. मंगल मिश्र, श्री ओम शर्मा, डॉ. सुनीता जोशी एवं श्रीमती मोनिका गौड़ के सुझाव पर यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के नालंदा परिसर में हर मंगलवार एवं गुरूवार को विद्यार्थियों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जनसुनवाई का आयोजन पुनः प्रारंभ किया जाये जिसमें परीक्षा नियंत्रक, उप कुलसचिव (परीक्षा), छात्र कल्याण संकायध्यक्ष एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपलब्ध रहेंगे।

कार्यपरिषद् ने निर्णय लिया कि संस्कार महाविद्यालय को नए सत्र में विद्यार्थियों के एडमिशन हेतु तभी मान्यता दी जायेगी जब कॉलेज का स्थानान्तरण नये परिसर एवं भवन में हो जाए। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला द्वारा इन्दौर शहर के 16 वर्ष के कम उम्र के विद्यार्थियों हेतु क्रिकेट एकेडमी संचालित करने के प्रस्ताव को मान्यता प्रदान की गई। कार्यपरिषद् द्वारा डिप्लोमा इन फार्मेसी, एम.बी.ए. पब्लिक हेल्थ एवं एम.एस.सी. डॉटा साईंस – लाजिस्टिक तथा बी. एस.सी एग्रीकल्चर कोर्स प्रारंभ करने की मान्यता प्रदान की गई। तक्षशिला परिसर

स्थित इंडियन कॉफी हाउस का किराया बढ़ाये जाने के प्रस्ताव को भी कार्यपरिषद् ने मंजूरी दी। फार्मेसी संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्वर्ण पदक प्रदान करने के प्रस्ताव को मान्यता दी गई । बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय की वैरोनिका आई सर्जरी वैन ''शासकीय स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फॉर आई'' को उपयोग हेतु प्रदान की जाये। कार्यपरिषद् सदस्यों ने स्ववित्त शिक्षकों को स्ववित्तीय योजना के अंतर्गत स्वीकृत पदों हेतु कॅरियर एडवान्समेंट योजना के संबंध में शासन द्वारा प्राप्त पत्र के संबंध में पुर्नविचार हेतु अनुरोध करने का आश्वासन दिया। फिजिक्स विभाग हेतु नये भवन के निर्माण को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की । इंक्यूबेशन सेंटर हेतु डी.एस.टी. से प्राप्त होने वाले अनुदान के अंतर्गत स्र्टाटअप योजना के विकास हेतु एक कंपनी स्थापित करने के लिए कार्यपरिषद् ने 70 लाख रूपये स्वीकृत किए।

**डॉ. चन्दन गुप्ता**
**मीडिया प्रभारी**